रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1607] नई दिल्ली, बुधवार, जून 7, 2017/ज्येष्ठ 17, 1939
No. 1607] NEW DELHI, WEDNESDAY, JUNE 7, 2017/JYAISTHA 17, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 जून, 2017

का.आ. 1814(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 3333 (अ), तारीख 10 दिसम्बर, 2015 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना अंतर्विष्ट राजपत्र की प्रतियां 10 दिसम्बर, 2015 को जनता को उपलब्ध करा दिया गया था;

और, व्यक्तियों से प्राप्त आक्षेप और सुझाव सम्यक रूप से विचार किया गया था;

और, डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, उड़ीसा के बरगढ़ जिले में स्थित है, वन्यजीव के अपने मूल स्थान संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। अभयारण्य का क्षेत्र 353.81 वर्ग किलोमीटर है और उत्तर अक्षांश 21.28' 30'' और 21.43' 30'' और पूर्व देशांतर 83.30' और 83.46'30'' के बीच स्थित है;

और, डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य यथास्थान संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण स्थल है जो की अत्यधिक जैव-विविधता से भरा है जिसमें स्तनधारियों की 40 प्रजाति 234 प्रजाति की चिड़ियाँ, सरीसृप 41 प्रजाति, उभयचरों की 12 प्रजाति, मछलियों की 42 प्रजाति, उडोनाट्स, की 39 प्रजाति तितिलियों की 85 प्रजाति, मकड़ी की 38 प्रजाति तथा राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में, जनसंख्या के कारण-1 की प्रजातियाँ जैसे- तेंदुआ (*पेंथेरा पार्डस*), भारतीय गौर (*बोस गौरस*), और चौसिंगा मृग (*टेटरासेरस क्वाडरिकोरनिस*) है;

और, अभयारण्य पूर्व और उत्तर में मानव निर्मित हिराकुण्ड जलाशयों से सीमांकित है अत: राज्य के कुछ चयनित जलाशयों में से एक जलाशय का निर्माण करना है जो दोनों स्थलीय एवं जलीय जैव-विविधता की मदद करता है जो कि शीतकाल में पानी के परिवासी पक्षियों की महत्वपूर्ण संख्या को आकृष्ट करता है और यह वन्यजीव अभयारण्य 250 से भी अधिक की वनस्पतिय प्रजातियों का गृह है जिसमें बहुत सी इथनो-बोटिनिकल और औषधीय मूल्य की है;

और, डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) के साथ पठित और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उड़ीसा राज्य में डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर से 5 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 2 किलोमीटर से 5 किलोमीटर तक क्षेत्र का है | पारिस्थितिक संवेदी जोन का क्षेत्र 519.67 वर्ग किलोमीटर है ।

(2) भू-निर्देशांकों के साथ डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य को विभाजित कर पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र **उपाबंध I और Ia** के रुप में उपाबद्ध है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची के साथ प्रमुख बिन्दुओं के भू-निर्देशांक **उपाबंध II** के रूप में उपाबद्ध हैं ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना –(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आंचलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में राज्य सरकार तथा सुसंगत केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार विधियों के सामंजस्य में भी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(4) आंचलिक महायोजना सभी संबंधित राज्य सरकार के विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) शहरी विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिका ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ; और

(viii) उड़ीसा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में और आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचना और अधिक प्रभावी और पारिस्थितिक अनुकूल क्रियाकलाप कारक इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो ।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी और विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग की विशेषताओं के ब्यौरे देते हुए मानचित्रों द्वारा समर्थित होगी ।

(8) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिक अनुकूल विकास और स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करते हुए विनियमित और अधिसूचना में विनिर्दिष्ट संवर्धित क्रियाकलाप होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानीके अपने कार्यों को करने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,

(ii) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(iii) वर्षा जल संचय, और

(iv) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं :

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की केंद्रीय सरकार के पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जो आंचलिक महायोजना का भाग रूप में निम्नलिखित रूप में होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, उड़ीसा सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, उड़ीसा सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय संरक्षित क्षेत्र डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे।

IndiaCode

परंतु, जहाँ पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार एक किलोमीटर से ज्यादा है वहाँ, एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार होगा;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाओं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें परिरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाई जाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार की जाएंगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएंगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या उड़ीसा राज्य सरकार निवारण और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन ध्वनि (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार संकलित किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 (1981 का 14) और इसके अधीन किए गए विनियमों के अनुसार संकलित किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण साधारण मानकों के लिए पर्यावरणीय प्रदूषित आच्छादित के निस्सारण के अंतर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(आ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार क्रियान्वित किया जाएगा ;

(ii) अकार्बनिक सामग्री पारिस्थितिक संवेदी जोन बाह्य पहचान की गई स्थल पर स्वीकार्य रीति में व्यय किया जाएगा ;

(iii) ठोस अपशिष्टों के ज्वलन या भस्मीकरण और भराई का स्थापना पारिस्थितिक संवेदी जोन में अनुज्ञा नहीं की जाएगी ;

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में समय-समय पर यथा संशोधित जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में कोई साधारण उपचार सुविधा या भस्मीकरण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर विद्यमान व्यस्टिक अस्पतालों या निजी स्वास्थ्य केंद्रों के संरक्षित क्षेत्र पर प्रतिकूल समाघात से बचने के लिए पर्याप्त अपशिष्ट उपचार प्रणाली प्रदान करेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

IndiaCode

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को निगरानी करेगी ।

(15) यदि यह आवश्यक समझता है, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, अन्य उपायों निर्दिष्ट करेगा।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	**क्रियाकलाप**	**टीका-टिप्पणी**
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की देशी आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	आरा मिलों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में नए उद्योग और उद्योगों में विद्यमान प्रदूषण का विस्तार अनुज्ञा नहीं होगी। (ख)फरवरी, 2016 में जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषण कुटीर उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	नई बृहत जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
7.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।

8.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
9.	ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और ठोस और जैव चिकित्सा अपशिष्ट के लिए साधारण जलाए जाने की सुविधा की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान की कोई नई ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और अपशिष्ट उपचार/प्रसंस्करण सुविधा की अनुमति नहीं है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रक्रिया और स्वास्थ्य प्रतिष्ठान / अस्पतालों आदि से उत्पन्न किसी भी ठोस अपशिष्ट के उपचार के लिए सामान्य या व्यक्तिगत जलावतरण की सुविधा का अधिकतर प्रतिषिद्ध है।
10.	फर्मों, कॉर्पोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
11.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
	ख. **विनियमित क्रियाकलाप**	
12.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
13.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी पर्यटकों की लघु संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे, अन्यथा नहीं । परंतु, जहाँ पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार एक किलोमीटर से ज्यादा है वहाँ, एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
14.	कृषि प्रणाली में प्रबल परिवर्तन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
15.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है ।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और देशी खपत के लिए ही जल का सतही और भूमिगत जल निष्कर्षण अनुज्ञात होगा । (ख) औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल के निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकारी से पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिमाण में वह निष्कर्षण करेगा, भी है । (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा । (घ) किसी भी स्रोत से, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, जल के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे ।
16.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । भूमिगत केबल को बढ़ावा दिया जाएगा।
17.	विद्यमान होटलों, लॉजों और रिसर्टो में बाड़ लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
18.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पोलिथीन बैग के उपयोग की अनुज्ञा है। तथापि, विशिष्ट आवश्यकता के आधार पर, लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
19.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण ।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।
20.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
21.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
22.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
23.	वायु (ध्वनि सहित) और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

24.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	प्राकृतिक जल निकायों भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट/ बहिर्स्रावों का निस्सारण ।	उपचारित अपशिष्ट जल/ बहिर्स्रावों के निस्सारण को जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनचक्रण और पुन: उपयोग के लिए किए जाने वाले प्रयास अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित अपशिष्ट जल/ बहिर्स्राव का निस्सारण विनियमित किया जाएगा।
26.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	सुरक्षा बल कैंप ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु नए काष्ठ आधारित उद्योग 100% आयातित काष्ठ स्टाक को प्रयोग में लाते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन में स्थापित किए जा सकेंगे ।
29.	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के लिए, पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल कुटीर, जैसे तंबू, लकड़ी के घर आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	संरक्षित क्षेत्र या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो, की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: (क) परंतु स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थानीय लोगों को उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी जैसे:- (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुख सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाएं जो पारिस्थितिक पर्यटन जिसमें गृह वास भी है सहायक हो; और (iv) इस अधिसूचना में संवर्धित क्रियाकलापों की सूची।
31.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।
32.	खुले कुआ, बोर कुआ, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग ।	विनियमित और उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
33.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
34.	पारिस्थितिक पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप :	
35.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी पद्धति के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मत्स्य पालन।	विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
36.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिक संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
37.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

38.	जैविक खेती ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	सक्रिय रुप से बायो गैस, सौर प्रकाश आदि को बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	वानस्पतिक बाड़।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
42.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
43.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
44.	पारिस्थितिक-अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
45.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
46.	निम्नीकृत भूमि/वन/आवास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
47.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. निगरानी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी निगरानी समिति का गठित करती है जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क) जिला कलक्टर, बरगढ़, उड़ीसा सरकार - अध्यक्ष;

(ख) पुलिस अधीक्षक जिला बरगढ़ – सदस्य;

(ग) पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का उड़ीसा सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि – सदस्य ;

(घ) पारिस्थितिक और पर्यावरण के क्षेत्र में उड़ीसा सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाला एक विशेषज्ञ- सदस्य ;

(ङ) उड़ीसा राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सचिव-सदस्य या सदस्य - सदस्य ;

(च) प्रभागीय वन अधिकारी, बरगढ़ प्रभाग -सदस्य;

(छ) क्षेत्रीय अधिकारी, उड़ीसा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड - सदस्य ;

(ज) प्रभागीय वन अधिकारी, हीराकुंड वन्यजीव प्रभाग - सदस्य-सचिव ।

निर्देश निबंधन

(1) निगरानी समिति का कार्यकाल अधिसूचना जारी करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(2) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को निगरानी करेगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी । उद्योगों की केवल श्वेत श्रेणियों को "उद्योगों, 2016 का वर्गीकरण" के लिए सीपीसीबी द्वारा जारी दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट के रूप में माना जाएगा।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा-विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 और का.आ. 19(अ), तारिख 6 जनवरी, 2011 और अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संबंधित मुख्य वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

IndiaCode

(6) निगरानी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानीसमिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध III** में उपबंधित रूप में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानीसमिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।


7. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।


[फा0सं0 25/39/2015-ईएसजेड-आरई]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध ।

<u>पारिस्थितिक संवेदी जोन के साथ डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य,उड़ीसा का मानचित्र</u>




ECO-SENSITIVE ZONE
DEBRIGARH SANCTUARY
ESZ GPS Coordinates
Village Coordinates
PA Coordinates
SUNDARGARH DISTRICT
JHARSUGUDA DISTRICT
BARGARH DISTRICT
DEBRIGARH SANCTUARY
Image Landsat7 Copernicus

उपाबंध-I(क)

डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांक

1	21	43	40.99	83	36	5.28
2	21	42	42.40	83	36	41.63
3	21	42	26.02	83	37	8.77
4	21	42	14.41	83	37	5.49
5	21	42	13.58	83	37	12.14
6	21	42	6.01	83	37	19.00
7	21	42	19.3	83	37	14.94
8	21	42	24.68	83	37	29.31
9	21	42	0.34	83	38	1.57
10	21	41	53.99	83	38	26.78
11	21	41	41 33	83	39	1210
12	21	41	26.66	83	39	48.01
13	21	41	10.03	83	40	13.02
14	21	40	37.53	83	40	36.66
15	21	40	21.33	83	40	58.54
16	21	39	53.18	83	41	32.14
17	21	39	45.1	83	41	54.34
18	21	39	43.49	83	41	35.76
19	21	39	31.15	83	41	49.75
20	21	39	20.03	83	42	7.43
21	21	39	14.5	83	42	17.50
22	21	39	5.86	83	42	1.45
23	21	38	53.95	83	42	26.73
24	21	38	35.71	83	42	35.92
25	71	38	20.87	83	42	42.52
26	21	38	15.88	83	42	30.13
27	21	38	2.48	83	42	45.48
28	21	38	1.73	83	43	1.66
29	21	37	50.2	83	43	3.15
30	21	37	48.76	83	42	50.79
31	21	37	50.71	83	42	35.85
32	21	37	36.9	83	42	36.25
33	21	37	46.94	83	42	22.31
34	21	37	58.32	83	42	18.21
35	21	37	48.86	83	42	6.13
36	21	37	58.90	83	41	53.4
37	21	37	40.35	83	Al	46.54

IndiaCode

38	21	37	55.04	83	41	34.94
39	21	38	5.1	83	41	22.26
40	21	37	51.74	83	40	55.31
41	21	37	50.05	83	41	17.74
42	21	37	23.6	83	41	20.94
43	21	37	10.21	83	41	39.92
44	21	36	53.92	83	41	34.14
45	21	36	47.83	83	41	21.81
46	21	36	31.86	83	41	27.29
47	21	36	21.19	83	41	15.17
48	21	35	53.43	83	41	11.00
49	21	35	34.96	83	41	10.27
50	21	35	10.21	83	40	47.37
51	21	34	51.58	83	40	39.19
52	21	35	13.2	83	41	15.78
53	21	35	36.73	83	41	36.24
54	21	35	46.3	83	41	50.83
SS	21	36	25.91	83	42	8.38
56	21	36	48.21	83	42	25.16
57	21	36	34.85	83	42	45.37
58	21	36	0.37	83	42	49.89
59	21	36	17 83	83	42	57.01
60	21	36	1.06	83	43	19.78
61	21	35	53.17	83	43	27.36
62	21	36	28.26	83	43	48.84
63	21	35	55.24	83	44	7.07
64	21	35	23.47	83	44	28.95
65	21	35	13.51	83	44	46.54
66	21	34	57.59	83	44	56.96
67	21	34	56.66	83	45	6.98
68	21	34	28.66	83	44	51.48
69	21	34	11.27	83	44	48.29
70	21	34	2.28	83	44	58.44
71	21	33	34.65	83	45	0.42
72	21	33	20.03	83	45	15.67
73	21	32	23.76	83	45	27.15
74	21	31	42.52	83	45	36.87
75	21	32	0.51	83	46	12.53
76	21	31	40.26	83	46	32.83
77	21	31	13.64	83	46	28.58

IndiaCode

78	21	30	35.3	83	46	10.85
79	21	30	30.85	83	46	27.34
80	21	30	18.03	83	46	18.89
81	21	29	57.52	83	46	30.63
82	21	29	9.95	83	46	19.95
83	21	29	3.79	83	45	12.78
84	21	29	4.37	83	44	45.43
85	21	29	15.69	83	43	39.3
86	21	30	0.99	83	42	15.08
87	21	29	38.01	83	42	20.69
88	21	29	22.75	83	42	9.97
89	21	29	53.35	83	41	40.56
90	21	30	3.32	83	41	*24.2*
91	21	29	33.99	83	41	5.21
92	21	30	0.57	83	41	4,46
93	21	29	31.7	83	40	7.04
94	21	28	56.6	83	39	53.16
95	21	28	12.32	83	40	30.31
96	21	28	19.89	83	40	7.80
97	21	28	15.95	83	39	48.09
98	21	27	56.28	83	39	48.63
99	21	27	54.02	83	38	59.13
100	21	28	24.43	83	38	24.86
101	21	28	23.91	83	38	5.04
102	21	28	50.13	83	37	49.48
103	21	29	1.86	83	37	54.15
104	21	29	44.07	83	37	19.77
105	21	30	39.14	83	37	17.4
106	21	31	26.84	83	37	12.52
107	21	31	28.64	83	36	34.61
108	21	31	12.97	83	36	7.73
109	21	31	21.38	83	35	32.88
110	21	31	42.24	83	35	20.73
111	21	31	38.42	83	35	9.51
112	21	31	42.46	83	34	54.18
113	21	31	13.55	83	34	54.72
114	21	31	18.7	83	33	43.88
115	21	31	43.39	83	33	10.24
116	21	31	59.85	83	33	1093
117	21	31	52.59	83	32	27.39

IndiaCode

118	21	32	684	83	31	57.38
119	21	32	2.99	83	31	42.5
120	21	32	47.89	83	31	30.94
121	21	33	14.38	83	31	36.88
122	21	33	39.27	83	31	21.23
123	21	34	22.69	83	31	7.8
124	21	34	55.21	83	31	17.88
125	21	34	49.29	83	32	0.40
126	21	35	17.83	83	32	36.72
127	21	34	47.85	83	32	38.05
128	21	35	1.45	83	33	15.89
129	21	3.4	58.75	83	33	48.28
130	21	35	20.8	83	33	52.24
131	21	35	9.79	83	34	16.4
132	21	35	2.1	83	34	35.6
133	21	35	34.5	83	34	41.84
134	21	36	8.63	83	35	19.41
135	21	36	53.57	83	35	19.18
136	21	37	11.63	83	35	11.45
137	21	37	39.44	83	35	15.45
138	21	38	19.44	83	35	40.03
139	21	38	18.46	83	36	20.67
140	21	37	35.28	83	36	49.19
141	21	36	10.62	83	37	17.66
142	21	37	2697	83	38	21.16
143	21	37	44.02	83	38	453
144	21	38	31.36	83	38	5.68
145	21	38	41.96	83	38	25.27
146	21	39	48.01	83	38	29.60
147	21	41	2.7	83	37	44.19
148	21	41	56.04	83	37	1.77
149	21	42	15.87	83	36	59.9
150	21	42	41.65	83	36	30.65
151	21	42	27.6	83	36	21.11
152	21	42	4232	83	36	953
153	21	43	7.49	83	36	5.14

IndiaCode

डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के भू-निर्देशांक

	डिग्री	मिनट	सेकेंड	डिग्री	मिनट	सेकेंड
1	83	35	25.7	21	44	34.2
2	83	36	51.62	21	44	45.78
3	83	38	33.45	21	44	33.45
4	83	39	44.23	21	44	30.78
5	83	40	48.79	21	44	7.70
6	83	41	45.7	21	43	26.1
7	83	42 '	35.52	21	42	37.70
8	83	43	48.74	21	41	48.07
9	83	44	32.16	21	40	49.23
10	83	45	18.2	21	39	40.1
11	83	45	37.92	21	39	8.80
12	83	45	50.29	21	38	21.50
13	83	46	24.98	21	37	30.73
14	83	47	17.04	21	36	39.94
15	83	47	50.46	21	35	31.86
16	83	47	52.86	21	34	12.28
17	83	48	48.62	21	33	14.54
18	83	49	19.56	21	31	59.51
19	83	49	26.3	21	30	26.7
20	83	49	15.66	21	29	5.29
21	83	48	50.79	21	27	57.26
22	83	47	59.91	21	26	58.48
23	83	46	35.59	21	26	19.33
24	83	45	47.26	21	26	15.92
25	83	44	18.03	21	26	14.83
26	83	42	41.1	21	26	41.0
27	83	42	18.66	21	26	6.34
28	83	41	20.09	21	25	30.37
29	83	40	23.75	21	25	10.84
30	83	39	29.61	21	25	6.73
31	83	38	14.47	21	25	11.87
32	83	37	14.80	21	25	43.74
33	83	36	16.21	21	26	17.67
34	83	35	36.39	21	27	9.09
35	83	34	23.8	21	28	36.7
36	83	33	52.43	21	28	30.32
37	83	32	42.80	21	28	42.63
38	83	31	58.58	21	29	5.23

IndiaCode

39	83	30	51.14	21	29	21.64
40	83	29	38.13	21	30	8.88
41	83	28	52.71	21	31	25.98
42	83	28	42.93	21	32	35.66
43	83	28	28.22	21	33	37.62
44	83	28	24.79	21	34	55.81
45	83	29	4.52	21	36	13.01
46	83	29	59.83	21	37	0.38
47	83	30	46.31	21	37	19.96
48	83	31	38.31	21	37	49.82
49	83	32	5.4	21	38	5.7
50	83	32	48.04	21	37	38.54
51	83	33	32.31	21	37	29.30
P	83	34	4.39	21	37	36.51
53	83	34	24.28	21	38	25.89
54	83	34	57.46	21	39	9.10
55	83	35	56.10	21	39	26.60
56	83	36	38.15	21	39	26.61
57	83	36	58.9	21	39	9.5
58	83	37	17.26	21	39	55.26
59	83	36	30.74	21	40	50.81
60	83	36	0.83	21	41	22.71
61	83	35	24.27	21	41	50.49
62	83	35	6.52	21	•42	23.43
63	83	35	2.08	21	42	4196
64	83	34	58.7.1	21	43	1696
65	83	34	55.40	21	43	47.84
66	83	35	7.57	21	44	13.59

IndiaCode

उपाबंध-II

डेब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची के साथ भू-निर्देशांक

I	बरगढ़	अम्बाभोना	अम्बाभोना	अम्बाभोना	83,47444915770	21.57824722740	83' 28' 28.02" पू	21' 34' 41.69" उ	756221.564	2388181.697
2	बरगढ़	अम्बाभोना	अम्बाभोना	गंगेई	83.49114567660	21.57295627040	83' 2T 28.12" पू	21' 34' 22.64" उ	757960.610	2387623.268
3	बरगढ़	अम्बाभोना	अम्बाभोना	खलियाबहल	83.53042057250	21.58784221830	83' 31' 49.51" पू	21' 35' 16.23" उ	762002.692	2389337.634
4	बरगढ़	अम्बाभोना	अम्बाभोना	मुंदकटी	83.51463495670	21.S8270031050	83' 30' 52.69" पू	21' 34' 57.72" उ	760376.659	2388741.617
5	बरगढ़	अम्बाभोना	अम्बाभोना	संथारा	83.54309549870	21.589898488l0	83' 32' 35.14" पू	21' 34'23.63" उ	763311.978	2389586.790
6	बरगढ़	अम्बाभोना	बंजीपली	देचौन	83.55434729960	21.62696182240	83' 33' 15.65" पू	21' 37' 37.06" उ	764410.111	2393711.071
7	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	अलेखपुर	83.61443594100	21.62630558190	83' 36' 51.97" पू	21' 37' 34.70" उ	770634.466	2393741.909
8	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	बबेबीरा	83.62574866050	21.62433281690	83' 37' 32.70" पू	21' 37' 27.60" उ	771809.801	2393543.154
9	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	बतलीजोरी	83.67059724870	21.68339285520	83' 40' 14.15" पू	21'41'0.21" उ	776342.239	2400164.378
10	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	बंजीपली (1)	83.62275382590	21.63494118040	83' 37' 21.91" पू	21' 38' 5.79" उ	771479.784	2394712.962

11	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	भूतूली	83.66342993260	21.68840834880	8.3' 39' 48.35" पू	21' 41' 18.27" उ	775590.654	2400707.170
12	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	बीछाना	83.56622771230	21.59132925150	83' 33' 58.42" पू	21" 35' 28.79" उ	765705.6.43	2389784.609
13	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	चकरमल	83.63460339060	21.65161652060	83' 38' 4.57" पू	21' 39' 5.82" उ	772675.611	2396580.812
14	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	चल	83.61960971720	21.60751663690	83' 37' 10.59" पू	21' 36' 27.06" उ	771205.384	2391669.764
15	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	ओरहपली	83.60746915960	21.65360074150	83' 36' 26.89' पू	21' 39' 12-96" उ	769862.156	2396753.137
16	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	गौडपली	83.61884844010	21.61973068450	83 37' 7.85" पू	21° 37' 11.03" उ	771103.736	2393021.333
17	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	हतीखोजा	83.61324310300	21.64985274230	83' 36' 47.68" पू	21' 38' 59.47" उ	770467.030	2396348.045
18	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	जूनानी	8357833329070	21.62476144640	83' 34' 42.00" पू	21' 37' 29.14' उ	766898.260	2393508.387
19	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	कारला	83.57337472210	21.59800332940	83' 34' 24.15° पू	21' 35' 52.81" उ	766433.777	2390536.071
20	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	लखनपुर	83.61118479990	21.64144080750	83' 36' 40.27" पू	21' 38' 29.19" उ	770269.565	2395412.705
21	बरगढ़	अम्बाभोना	लखनपुर	तीलअमाल	83.62358453020	21.65712400490	83' 37' 24.90" पू	21' 39' 25.65" उ	771524.282	2397171.525
22	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	बुनगापाल	83.58561182280	21.70175170820	83' 35' 8.20" पू	21' 42' 6.31" उ	767509.917	2402048.667
23	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	गोविन्दपुर	83.60914912640	21.71124512850	83' 36' 32.94" पू	21' 42' 40.48" उ	769928.613	2403141.086
24	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	खोला	83.64583308010	21.65087292530	83' 38' 45.00" पू	21' 39' 3.14" उ	773839.867	2396518.230
25	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	कुरूमकेल	83.67312033840	21.68051806460	83' *40'*23.23" पू	21' 40' 49.87" उ	776608.950	2399850.442
26	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	पारूअभादी	83.62793778580	21.67376582720	83' 37' 40,58' पू	21' 40' 25.56' उ	771943.812	2399022.515
27	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	lरामखोल	83.60646896030	21.69947971440	83' 36' 23.29" पू	21' 41' 58.13" उ	769673.138	2401833.205
28	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	रेनगालीपह	83.63098991140	21.70025296460	83' 37' 51.56" पू	21' 42' 0.91" उ	772209.993	2401961.782
29	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	तमदेर	83.58760392000	21.71918055900	83' 35' 15.37" पू	21' 43' 9.05' उ	767683.850	2403982.613
30	बरगढ़	अम्बाभोना	उत्तम	उत्तम	83.61290728470	21.68255426850	83' 36' 46.47" पू	21' *40'*57.20" उ	770371.226	2399969.672
31	बरगढ़	अट्टाबीरा	मुलबा	इलाहालुदथी	83.57377050310	21.60309041050	83' 34' 25.57" पू	21' 36' 11.13" उ	766465.451	2391100.207
32	बरगढ़	अट्टाबीरा	अम्हपह	अम्हपह	83.74389559800	21.46169223120	83' 44' 38.02" पू	21' *27'*42.09" उ	784363.801	2375738.399
33	बरगढ़	अट्टाबीरा	अम्हपह	कुकेटलरा	83.76273046050	21.44703630460	83' 45' 45.83" पू	21' 26' 49.33" उ	786345.520	2374149.275
34	बरगढ़	अट्टाबीरा	अरनरीपली	नुअबाटीमुदा	83.73410191690	21.45138037880	83' 44' 2_77' पू	21' 27' 4.97" उ	783368.217	2374578.361
35	बरगढ़	अट्टाबीरा	फन्गेड	धेमसा	83.79346685590	21.46732469770	83' 47' 36.48" पू	21' 28' 2.37" उ	789492.957	2376453.294
36	बरगढ़	अट्टाबीरा	फन्गेड	हल्दी	83.77177595440	21.44930252800	83' 46' 18.39" पू	21' 26' 57_49" उ	787279.143	2374416.893
37	बरगढ़	अट्टाबीरा	फन्गेड	फन्गेड	83.78383626010	21.44311881280	ar 47' 1.81" पू	21' 26' 35.23" उ	788542.029	2373754.083
38	बरगढ़	अट्टाबीरा	फन्गेड	सोदापह	83.77714702240	21.46231241970	83' 46' 37.73" पू	21' 27' 44.32" उ	787810.574	2375867.930
39	बरगढ़	अट्टाबीरा	खरमुन्दा	चुलधार	83.66778881270	21.46011901400	83' 40' 4.04" पू	21' 27' 36.43" उ	776475.177	2375427.676
40	बरगढ़	अट्टाबीरा	खरमुन्दा	गदेहद्दाला	83.67364762690	21.49399255930	83' 40' 25.13" पू	21' 29' 38.37" उ	777018525	2379190.143
41	बरगढ़	अट्टाबीरा	खरमुन्दा	घानघाटी	83.66550420230	21.48211867430	83' 39' 55.82" पू	21' 28' 55.63" उ	776196.760	2377860.481
42	बरगढ़	अट्टाबीरा	खरमुन्दा	जुजीगोन	83.68222633130	21.44661115100	83' 40' 56.01" पू	21' 26' 47.80" उ	777997.844	2373957.025
43	बरगढ़	अट्टाबीरा	खरमुन्दा	जुनानी	83.69020086140	21.48481180590	83' 41' 24.72' पू	21' 29' 5.32" उ	778752.048	2378202.653
44	बरगढ़	अट्टाबीरा	खरमुन्दा	खरमुन्दा	83.68150324810	21.44070136610	83' 40' 53.41"पू	21' 26' 26.52" उ	777934.069	2373301.125
45	बरगढ़	अट्टाबीरा	खरमुन्दा	लमबीपाली	83.65438764060	21.49746605810	83' 39' 15.80" पू	21' 29' 50.88" उ	775015.392	2379540.852
46	बरगढ़	अट्टाबीरा	खरमुन्दा	रानीपाली	83.68083864150	21.47811117660	83' 40' 51.02" पू	21' 28' 41.20" उ	777794162	2377443.760
47	बरगढ़	अट्टाबीरा	पत्थरारीगीडा	पत्थरारीगीडा	83.76224719110	21.46554071250	83' 45' 44.09" पू	21' 27' 55.95" उ	786259.226	2376198.191
48	बरगढ़	अट्टाबीरा	पत्थरारीगीडा	रेनघाटी	83.78091827850	21.48316710090	83' 46' 51.31' पू	21' 28' 59.40' उ	788160.557	2378185054
49	बरगढ़	अट्टाबीरा	तंगरपली	अमझार	83.70690223290	21.48926915360	83' 42' 24.85" पू	21' 29' 21.37' उ	780474.998	2378726.285
50	बरगढ़	अट्टाबीरा	तंगरपली	कनताल	83.70009231570	21.45982075770	83' 42' 0.33" पू	21' 27' 35.35" उ	779825.324	2375452086
51	बरगढ़	अट्टाबीरा	तंगरपली	नुअपारा	83.70095108490	21.43480787010	83° 42' 3.42" पू	21' 26' 5-31" उ	779962.164	2372682.961
52	बरगढ़	अट्टाबीरा	तंगरपली	रूजहेनमाल	83.71924346040	21.48033320340	83' 43' 9.28" पू	21' 28' 49.20' उ	781771.656	2377758.651
53	बरगढ़	अट्टाबीरा	तंगरपली	तंगरपली	83.71113261550	21.46531203380	83' 42' 40.08" पू	21' 27' 55.12' उ	780959.579	2376080.148
54	बरगढ़	भतीली	कमगाँव	लामबुबाहाब	83.63186894790	21.47140263930	83' 37' 54.73' पू	21' 28' 17.05" उ	772729.668	2376614.443
55	बरगढ़	भतीली	मुलबा	हरीदीही	83.57151953300	21.50233689320	83' 34' 17.47" पू	21' 30' 8.41" उ	766416.411	2379936.691
56	बरगढ़	भतीली	मुलबा	रातीदीही	83.59014357430	21.50832302220	83' 35' 24_52" पू	21' 30' 29.96" उ	768335.881	2380631.626
57	बरगढ़	भतीली	सूकूरा	लहारूपाडा	83.55380444580	2131503250740	83' 33' 13.70'पू	21' 30' 54.12" उ	764557.186	2381312.739

58	बरगढ़	भतीली	सूकूरा	रूपधारदीही	83.54987238650	21.51793544980	83' 32' 59.54" पू	21' 31' 4.57" उ	764144.401	2381627.608
59	बरगढ़	भतीली	दूमलपली	दूमलपली	83.51688684280	21.51232076450	83' 31' 0.79' पू	21' 30' 44.35' उ	760735.785	2380950.256
60	बरगढ़	भतीली	दूमलपली	खारसाल	83.50640653910	21.51813874420	sr 30' 23.06" पू	21° 31' 5.30" उ	759639.227	2381577.168
61	बरगढ़	भतीली	दूमलपली	मेनधापाली	83.51610031530	21.53496961360	83' 30' 57.96" पू	21' 32' 5.89" उ	760613.824	2383457.487
62	बरगढ़	भतीली	दूमलपली	समरधाराहा	83.51077470880	21.55359554880	83' 30' 38.79' पू	21' 33' 12.94" उ	760028.726	2385511.567
63	बरगढ़	भतीली	कमगाँव	कमगाँव	83.63333424710	21.44101799100	83' 37' 100.00" पू	21' 26' 27.66" उ	772938.211	2373251.445
64	बरगढ़	भतीली	कमगाँव	करलाजोरी	83 62355422970	21.46367219020	83' 37' 24.80' पू	21' 27' 49.22" उ	771881.963	2375743.702
65	बरगढ़	भतीली	मुलबा	खाजुरीअ	83.60786395110	2132183916440	83' 36' 28.31' पू	21' 31' 18.62" उ	770147.614	2382159_295
66	बरगढ़	भतीली	मुलबा	मुलबा	83.59290168000	21.47332436530	83' 35' 34.45' पू	21' 28' 23.97" उ	768686.076	2376759.824
67	बरगढ़	भतीली	मुलबा	रोयतपाद	83.60351946630	21.49120418910	63' 36' 12.67' पू	21' 29' 28.34' उ	769753.908	2378758.539
68	बरगढ़	भतीली	मुलबा	सरधापाह	83.58042440100	21.50510870830	83' 34' 49.53' पू	zr 30' 18.39' उ	767334.366	2380258.925
69	बरगढ़	भतीली	सूकूरा	बंजीपली	83.55023485650	21.50023380330	83' 33' 0.85" पू	21' 30' 0.84" उ	764213.986	2379667.585
70	बरगढ़	भतीली	सूकूरा	नलीचुअन	83.53000655260	21.52529206680	83' 31' 4802' पू	21' 31' 31.05' उ	762072.279	2382408.919
71	बरगढ़	भतीली	सूकूरा	ताला	83.54296875000	21.52315616610	sr 32' 34.69'पू	21' 31' 23.36' उ	763419.478	2382194.182

उपाबंध-III

पारिस्थितिक संवेदी जोन निगरानी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 7th June, 2017

S.O. 1814(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 3333 (E), dated the 10th December, 2015, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, the copies of the Gazette containing the draft notification were made available to the public on the 10th December, 2015;

AND WHEREAS, objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification were duly considered;

AND WHEREAS, the Debrigarh Wildlife Sanctuary, located in the Bargarh district of Odisha, forms an important site for in-situ conservation of wildlife and the said Sanctuary covers an area of 353.81 square kilometres and is located between 21.28' 30'' and 21.43' 30'' North latitudes and between 83.30' and 83.46'30'' East longitudes;

AND WHEREAS, the aforesaid Sanctuary is home to an immense array of biodiversity, over 40 species of mammals, 234 species of birds, 41 species of reptiles, 12 species of amphibians, 42 species of fishes, 39 species of odonates, 85 species of butterflies and 38 species of spiders and the said Wildlife Sanctuary is extremely important in the national context because of significant population of Schedule-I species like Leopard (*Panthera pardus*), Indian Gaur (*Bos gaurus*), and Four-horned Antelope (*Tetracerus quadricornis*);

AND WHEREAS, the said sanctuary is fringed on the east and north by the huge man-made water body of Hirakud reservoir, thus forming one of the selected few sanctuaries in the state supporting both terrestrial and aquatic biodiversity and this further attracts a significant number of migratory waterfowls during the winter season; the said Wildlife Sanctuary is home to over 250 plant species, many of which possess ethno-botanical and medicinal values;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of which are specified in paragraph 1 of this notification, around the protected area of the Debrigarh Wildlife Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

NOW THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1), clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986), read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent varying from 2 to 5 kilometres from the Debrigarh Wildlife Sanctuary in the State of Odisha as the Debrigarh Wildlife Sanctuary Eco-sensitive Zone (hereinafter referred to as the Eco-sensitive Zone) details of which are as under, namely:-

1. Extent and boundaries of Eco-sensitive Zone.-(1)The extent of Eco-sensitive Zone varies from 2 kilometres to 5 kilometres from the boundary of the Debrigarh Wildlife Sanctuary and the area of the Eco-Sensitive Zone is 519.67 square kilometres.

